# सुरुचि कुकिंग क्विन कांटेस्ट का आयोजन आज

## नवभारत के संग महिलाओं को सशक्त करने की एक पहल

▸ यह कुकिंग कांटेस्ट दो कैटेगरी इंडियन और वेस्टर्न में होगा

**नवभारत प्रतिनिधि**

**भोपाल, 22 जुलाई. एमपी नगर जोन-वन स्थित नवभारत संस्थान द्वारा बुधवार को सुरुचि कुकिंग क्रिन कांटेस्ट का आयोजन किया जाएगा. यह आयोजन नवभारत की 70 वीं वर्षगांठ के अवसर पर शहर भर की महिलाओं को सशक्त करने के लिए किया जा रहा है.**

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज्य मंत्री कृष्णा गौर और अध्यक्षता महापौर मालती राय करेंगी. इस कुकिंग कांटेस्ट में प्रदेशभर से महिलाएं अपनी भागीदारी देंगी. कांटेस्ट में भाग लेने के लिए किसी भी तरह की उम्र बाधा नहीं है, जिससे सभी को सामान अवसर मिल सके. यह कुकिंग कांटेस्ट दो कैटेगरी पहला इंडियन और दूसरा वेस्टर्न में होगा. कांटेस्ट में भाग लेने वाली महिलाओं को अपने घर से किसी भी प्रकार के इंडियन या वेस्टर्न व्यंजन बनाकर लाना होगा. जिसको स्पेशल सेफ और गेस्ट द्वारा परखा जाएगा.

प्रत्येक कैटेगरी में प्रथम स्थान पाने वाले कंटेस्टेंट को सैमसंग वॉशिंग मशीन, दूसरा स्थान प्राप्त करने वाले को सैमसंग माइक्रोवेव और तीसरे स्थान पर जगह बनाने वाले प्रतिभागी को सुजाता मिक्सर ग्राइंडर का पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा. इसके अतिरिक्त अन्य प्रतिभागी को सांत्वना पुरस्कार और प्रतिभागी सर्टिफिकेट भी दिया जाएगा. सुरुचि कुकिंग क्विन कांटेस्ट में विशेष जजेस प्रदेश के विख्यात सेफ और संस्थापक शामिल होंगे. जिनमें सुरुचि की डायरेक्टर पूजा माहेश्वरी, चित्रा कयूलनरी अकेडमी से प्रीती माहेश्वरी, कोर्टयार्ड मैरिएट के एक्जक्यूटिव सेफ अमोल पाटिल, ताज भोपाल के एक्जक्यूटिव सेफ अनूप गुप्ता, बेक्ड 186 कुकिंग क्लासेस की सह संस्थापक सुरभि माहेश्वरी और फियर रेजीडेंसी से सुनील राजपूत शामिल होंगे. इस कुकिंग क्विन कांटेस्ट के मुख्य प्रायोजक वेस्टर्न कोल्डफ़ील्ड्स लिमिटेड और सांची दुग्ध संघ भोपाल है.

नवभारत की तरफ से पहले भी ऐसे कार्यक्रम किए गए हैं. इस बार थोड़े अंतराल के बाद नवभारत ने फिर से इस दिशा में वापसी की है. जिसका उद्देश्य समाज के हर वर्ग को पहचान दिलाना और खासकर गृहणी महिलाओं को जो हर पल अपने परिवार को स्वादिष्ट भोजन के साथ स्वस्थ रखती ह. एक खुशहाल जीवन देती हैं. उन्हें इस कॉन्टेस्ट के माध्यम से समाज में उनकी हिस्सेदारी को बढ़ाना और उन्हें सम्मान देना उद्देश्य है. कुकिंग कांटेस्ट में अब तक लगभग 100 से अधिक पंजीयन हो चुके हैं.





सुरुचि की डायरेक्टर पूजा माहेश्वरी ने बताया कि सुरुचि नवभारत द्वारा प्रकाशित साप्ताहिक पत्रिका है, जिसमें महिलाओं से संबंधित विभिन्न आवश्यक जानकारी और लेख प्रकाशित होते हैं. इसका उद्देश्य महिलाओं को सशक्त करना है और इसी कड़ी में सुरुचि कुकिंग क्विन कांटेस्ट का आयोजन भी किया जा रहा है. यह कॉम्पटीशन महिलाओं की समाज में भागीदारी बढ़ाने और उन्हें एक सशक्त रूप देने के लिए आयोजित किया जा रहा है.

### प्रतिभागी महिलाओं में काफी उत्साह

कार्यक्रम में लगभग 250 से अधिक लोगों के आने की संभावना है, जिसको देखने हुए संस्थान की तरफ से तैयारियां भी पूरी कर ली गई हैं. कुकिंग कंटेस्टेंट के पहुंचने का आखिरी समय दोपहर 2 बजे तक का है, हालांकि कार्यक्रम दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक चलेगा. सुरुचि कुकिंग क्विन कॉन्टेस्ट को लेकर प्रतिभागी महिलाओं में काफी उत्साह देखा गया है. प्रतिभागी अर्चना और शालिनी ने बताया कि उन्हें नए-नए व्यंजन बनाना पसंद है और वो अक्सर अपने घरों में बनाया करती हैं. बुधवार को नवभारत द्वारा आयोजित कार्यक्रम में उन्हें अपनी कला को दिखाने का एक और मंच मिलेगा. वो उनके लिए काफी रोचक और यादगार होने वाला है. अन्य कंटेस्टेंट ने कहा कि हम आगे भी नवभारत द्वारा आयोजित इसी तरह के कॉम्पटीशन की प्रतीक्षा करेंगे.

## सिरोंजिया अग्रवाल पंचायत की चुनाव समिति गठित

**भोपाल.** श्री सिरोंजिया अग्रवाल पंचायत समिति पंचायत की साधारण सभा की बैठक हुई. जिसमें अध्यक्ष मनमोहन मंगल, आमंत्रित घनश्याम दास गर्ग, कैलाश नारायण मंगल, चंद्रमोहन अग्रवाल, किशनलाल बंसल, राजेन्द्र प्रसाद गर्ग, राजेंद्र प्रसाद मित्तल, हरिनारायण, रमेश, मोहनवल्लभ गर्ग, मोहन लाल मंगल एडवोकेट, सुनील सिंहल, किशोर सिंहल, अजय अग्रवाल, लाला के अलावा समाज के अन्य लोग भी मौजूद थे. श्री सिरोंजिया अग्रवाल पंचायती भवन गुर्जरपुरा में आयोजित बैठक में आय-व्यय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया. समिति सदस्यों द्वारा गत 3 वर्ष में किए गए कार्यों का अनुमोदन किया गया. बैठक में त्रिवार्षिक चुनाव की घोषणा भी की गई. साधारण सभा में सर्व सहमति से घनश्याम दास गर्ग के संयोजक, एडवोकेट सुनील सिंहल, अजय अग्रवाल लाला, किशोर सिंहल, दिनकर मित्तल को चुनाव कराने की जिम्मेदारी सौंपी गई. इससे पूर्व पंचायत कार्यकारिणी द्वारा अग्रसेन महाराज का चित्र भेंट किया गया, जिसका लोकार्पण भी किया गया.



## उपमुख्यमंत्री शुक्ल ने खंडेलवाल से की भेंट

**भोपाल, 21 जुलाई. उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने आज भोपाल में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल से उनके निवास पर सौजन्य भेंट की.**

उपमुख्यमंत्री शुक्ल ने खंडेलवाल को पुष्पगुच्छ एवं शॉल भेंट कर अभिनंदन किया तथा उन्हें प्रदेश भाजपा अध्यक्ष के रूप में नवीन संगठनात्मक दायित्व ग्रहण करने पर शुभकामनाएं एवं बधाई प्रेषित की. उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने विश्वास व्यक्त किया कि खंडेलवाल के नेतृत्व में संगठन और अधिक मजबूत होगा तथा पार्टी की जनसेवा की परंपरा को और गति मिलेगी.

उन्होंने कहा कि भाजपा का संगठनात्मक कौशल ही उसकी जड़ें जनमानस में मजबूत करता है और खंडेलवाल का अनुभव निश्चित ही संगठन को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा.

### एक नजर में



#### वनवास काल के दौरान मप्र के स्थानों को पर्यटन से जोड़े जाएं

**भोपाल.** अयोध्या से भगवान श्रीराम को 14 वर्ष का वनवास हुआ था. इस दौरान भगवान राम ने अयोध्या से लेकर श्रीलंका तक की यात्रा की. माना जाता है कि अयोध्या से श्रीलंका तक की 14 साल की यात्रा में लगभग 248 ऐसे प्रमुख स्थल थे. जहां उन्होंने या तो विश्राम किया या फिर उन स्थानों से गुजरे थे. आज यह स्थान धार्मिक रूप में राम वन यात्रा के रूप में याद किए जाते हैं. मध्य प्रदेश के किन-किन स्थानों पर रुके, यह अभी तक कोई भी नहीं जानता है. वनवास काल के दौरान राम सीता और लक्ष्मण ने मध्य प्रदेश के कई स्थानों पर भ्रमण किया था, जिसमें प्रमुख स्थानों में चित्रकूट, सतना, अमरकंटक, पन्ना, जबलपुर, विदिशा और रायसेन शामिल हैं. शहडोल के वरिष्ठ समाजसेवी जेपी साहू ने बताया कि वनवास काल के दौरान राम सीता और लक्ष्मण शहडोल में में भी विश्राम किया था. वह स्थान सीतामढ़ी के नाम से स्थित है. जिसका आज तक किसी को पता ही नहीं है. उन्होंने बताया कि उन स्थान को सुरक्षित करने के लिए कई मंत्रियों से गुहार लगा चुके हैं, लेकिन आज तक उन पर विचार नहीं किया गया. अगर इन स्थानों को पर्यटन से जोड़ा जाए, तो वह स्थान सुरक्षित और धार्मिक हो जाएंगे और इनसे जुड़े शहरों का भी विकास होगा.

#### 1857 की क्रांति बनी भारतीय आजादी की नीव

**भोपाल.** अखिल भारतीय बुंदेलखण्ड साहित्य एवं संस्कृति परिषद के तत्वावधान में 1857 के शहीद महाराज मर्दन सिंह बानपुर नरेश के बलिदान पर्व पर शहीद दिवस का आयोजन मड़वैया साहित्य सदन में संपन्न हुआ. समारोह का संचालन सचिव संयोजक बृजेन्द्र नामदेव ने किया. पद्मश्री कवि कैलाश मड़वैया ने कहा कि 1857 में बानपुर नरेश मर्दन सिंह की शहादत ने भारतीय आजादी की नीव शिला का कार्य किया. समारोह में इतिहासकारों व विशिष्ट कवियों ने रोचक रचना पाठ कर इसे अविस्मरणीय बना दिया.

#### संगिनी फोरम ने बांटे कॉपी, बिस्कुट और फल

**भोपाल.** एमपी रीजन की मासिक गतिविधि के अंतर्गत संगिनी फोरम की ओर से कॉपी, बिस्कुट और फल का वितरण उमंग गौरवदीप वेलफेयर सोसाइट में मूक-बधिर एवं बहू विकलांग बच्चों के बीच किया गया. कॉपी और फल मिलने के बाद बच्चों के चहरे पर जो खुशी आई उसे देख कर बहुत आत्मिक संतुष्टि मिली. हम अपने सभी संगिनी बहनों का दिल से आभार प्रकट करते हैं, जिन्होंने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान दिया और समय निकालकर बच्चों के बीच समय व्यतीत किया इस अवसर पर अध्यक्ष सुषमा गंगवाल, सचिव राखी जैन आदि मौजूद थे.

#### अमृतसिद्धि योग में गन्ने के रस से बाबा बटेश्वर का अभिषेक

**भोपाल.** श्रीबड़वाले महादेव मंदिर सेवा समिति द्वारा मंगलवार को श्रावण माह के प्रथम प्रदोष उत्सव पर बाबा बटेश्वर का दिव्य श्रृंगार किया गया. समिति के संजय अग्रवाल एवं प्रमोद नेमा ने बताया कि वैसे तो श्रावण माह का संपूर्ण महीना शिव साधना के लिए सर्वोत्तम है, लेकिन मंगलवार को प्रदोष उत्सव पर पुष्कर एवं अमृत सिद्धि योग था. इसी योग में बाबा बटेश्वर का गन्ने के रस से रुद्राभिषेक किया गया. प्रदोष काल में विभिन्न प्रकार के पुष्पों से श्रृंगार कर रात्रि 10 बजे महा आरती संपन्न हुई.

## खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा समर कैंप का हुआ समापन

**भोपाल.** मोतीलाल ग्राउंड में मंगलवार को खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा समर कैंप का समापन हुआ. इस कैंप में लगभग 65 से अधिक बालक-बालिकाओं ने खेल के गुण सीखे. मोतीलाल ग्राउंड में बालक और बलिकाओं के लिए हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. जिसमें बालिका वर्ग में रानी कमला पति और महारानी लक्ष्मी बाई के मध्य फाईनल मैच खेला गया. कमला पति टीम ने 2-1 के मुकाबले से इस प्रतियोगिता में जीत दर्ज की. बालक वर्ग में गिन्नोरी क्लब और एमवीएम के मध्य खेले गए फाइनल मुकाबले में गिन्नोरी क्लब ने 4-2 से यह प्रतियोगिता अपने नाम कर ली. इस अवसर पर सब इंस्पेक्टर रईस अहमद द्वारा विजेताओं को प्रमाण पत्र दिये गए. खिलाडी मजहर खान द्वारा राष्ट्रीय हॉकी की दोनों टीमों से परिचय कराया गया और विजेता टीम को ट्रॉफी भेंट की गई.



## कांवड़ियों ने नर्मदा जल से भगवान भोलेनाथ का किया अभिषेक

**भोपाल, 22 जुलाई. राजधानी के भानपुर की बिहारी कॉलोनी से महाकाल मित्र मंडल द्वारा विशाल कावड़ यात्रा वाहनों से कावड़ यात्रा बुधनी घाट के लिए रवाना हुए थी.**

बुधनी घाट से मां नर्मदा नदी से जल भरकर यात्रा प्रारंभ हुई. जो यात्रा ओबेदुल्लागंज, मंडीदीप, मिसरोद होते हुए वापस भानपुर पहुंची. यात्रा में वार्ड 72 के पार्षद विकास पटेल, भानपुर मंडल अध्यक्ष निलेश गौर, शुभम लोधी, छोटू कुशवाह, हरीश रैकवार, कपिल प्रजापति, प्रदीप प्रजापति, शुभम लोधी एवं अंकित चौहान द्वारा कांवड़ियों का जगह-जगह जय भोले नाथ के उद्घोष के बीच पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया. महाकाल मित्र मंडल के अध्यक्ष छोटू कुशवाहा ने बताया कि यात्रा में हमारे साथ जितने भी साथी गए थे, वह सभी सकुशल यात्रा करके मंदिर प्रांगण पहुंचे. जहां मां नर्मदा नदी के जल से भगवान भोलेनाथ का अभिषेक किया गया.

## उदवेग से जीवन को नष्ट कर देता है : मुनि

### धर्मसभा में मुनि प्रमाणसागर ने व्यक्त किए विचार

**भोपाल, 22 जुलाई. उदवेग ऐसा तीब्र बेग है, जो हरे भरे जीवन को नष्ट कर देता है. यह अचानक बड़ी तेजी के साथ उभरता है, जिससे विवेक छिटक कर दूर भाग जाता है. उपरोक्त उदगार मुनि प्रमाणसागर महाराज ने प्रात:काल धर्म सभा में व्यक्त किए. मुनि ने कहा कि उदवेग की असली जड़ अपने विचारों में है.**

देखिये कंही ये विचार नकारात्मक तो नहीं? यदि आप अपने विचारों की शुद्धि की ओर ध्यान देंगे तो यह तय मानकर के चलना कि आप अपने अंदर के उदवेग को रोकने में सक्षम हो जाऐंगे. मुनि ने सलाह देते हुए कहा कि कोई घटना घटी और आपको उदवेग आ रहा है, तो कुछ पल ठहरिये और थोड़ा समय दीजिए. आप देखेंगे कि विचारों में जो नकारात्मकता का उदवेग आया था, वह सकारात्मकता में बदल गया. मुनि ने कहा कि सारे विकारों का मास्टर माइंड तो हमारा मन है, जो हमारे भीतर मौजूद है. उस मास्टरमाइंड मन को साध लिया तो वह आपका तारक बन जाऐगा और यदि मन पाप रुपी कषाय में चला गया तो वही मन मारक भी बन जाता है. मुनि ने मन को साधने में भावनायोग को साधने का अभ्यास कर लें, तो किसी भी प्रकार का विकार हम पर हावी नहीं हो सकता.



उन्होंने कहा कि भावनायोग के प्रथम चरण में भगवान से प्राथना करो कि हे प्रभु मुझे ऐसी दृष्टि दो कि मैं अपने उद्देश्य को साथ रख सकूं मेरी प्रतिक्रियाएं संयत रह सकें, इसमें सहजता और शांती का धनी रह सकूं मेरे मन में शांति हो. मेरे चित्त में स्थिरता हो तथा मेरे भावों में निर्मलता हो. अपनी दृष्टि भावनायोग के बाक्य मैं सहज रहूं. मैं शांत रहूं. मैं संयमित रहूं. मैं सकारात्मक रहूं. प्रवक्ता अविनाश जैन विद्यावाणी ने बताया मुनिश्री ने 5 मिनट का भावनायोग कराया एवं सभा के अंत में आचार्य विद्यासागर महाराज सहित मुनिसंघ की पूजा संपन्न हुई.

## वंदेराष्ट्रमातरम् प्रतिष्ठा महोत्सव का आगाज

▸ साधो बैण्ड ने दी प्रस्तुति ▸ गूंजेंगे अखंड भारत की भावना के वैदिक मंत्र

**भोपाल, 22 जुलाई. करुणाधाम में मां महालक्ष्मी की स्थापना के 10 वर्ष पूर्ण होने पर वंदेराष्ट्रमातरम् प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है. इसका आगाज मंगलवार को करुणाधाम में साधो बैण्ड की भक्तिमय प्रस्तुति से हुआ. इस मौके पर बड़ी संख्या में संगीत प्रेमी और भक्तजन मौजूद थे. इस महोत्सव में भारत की कल्पना केवल कश्मीर से कन्याकुमारी सीमा तक नहीं बल्कि अखंड भारत की होगी.**

उज्जैन के विद्वान पंडितों ने बताया कि पूरे वृहद भारत की परिकल्पना के अंतर्गत राष्ट्र को राष्ट्र देवता और भारत माता के रूप में माना जाता है.



पंडितों ने कहा कि भारत माता की उपासना में अनेक परिदृश्य है जो सेना, अध्यात्म और कर्मकाण्ड रूप में प्रस्तुत होते है. विष्णु पुराण के प्रथम 3 अध्याय में भी वृहद भारत की कल्पना हैं और भारत को जल, भूमि, पहाड़, आश्रम जैसे तत्वों का विवरण दिया गया है. इसी कारण कार्यक्रम का नाम भी वंदे राष्ट्र मातरम् रखा गया है जो भारतीय सनातन परंपरा में भारत को एक जागृत राष्ट्र बताता है.

## 16वीं अमरनाथ यात्रा के सफल होने पर विशाल भजन संध्या

**भोपाल.** श्री बाबा अमरनाथ धर्मार्थ सेवा समिति द्वारा भोले चौराहा बागसेवनियां थाने के पास 16वीं अमरनाथ यात्रा के सफल होने पर विशाल भजन संध्या एवं बाबा बर्फानी की प्रतिमा बनाई गई. संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रामविलास टाले गुजर ने बताया कि हमारी 16वीं यात्रा सफलतापूर्वक संपन्न हुई. इसी उपलक्ष्य में यह आयोजन संपन्न हुआ. जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने बाबा के दर्शन किए और जमकर झूमे. इस अवसर पर क्षेत्रीय पार्षद वार्ड 54 के जितेन्द्र शुक्ला ने बाबा की पूजा अर्चना कर उनसे आशीर्वाद लिया और टीन शेड लगाने की घोषणा की. इस मौके पर बड़ी संख्या में भक्तजन मौजूद थे.

## देशभर के रंगगुरु, रंगकर्मी होंगे राजधानी में एकत्रित

▸ हरिहर राष्ट्रीय नाट्य समारोह समारोह कल से

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 22 जुलाई. संस्कृति विभाग द्वारा मप नाट्य विद्यालय के समन्वय से प्रकृति और भारतीय संस्कृति के प्रति आभार प्रकट करने के मूल भाव के साथ हरिहर राष्ट्रीय नाट्य समारोह एवं नाट्यशास्त्र पर केन्द्रित भरतमुनि राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है. यह अनूठा अवसर होगा जब देश के सुप्रसिद्ध रंगगुरु, रंगकर्मी, रंग विशेषज्ञ एक स्थान पर एकत्रित होंगे.**

हरिहर राष्ट्रीय नाट्य समारोह का आयोजन 24 से 29 जुलाई तक और भरतमुनि राष्ट्रीय संगोष्ठी 25 से 28 जुलाई तक रवीन्द्र भवन में आयोजित की जाएगी.

धर्मस्व राज्यमंत्री धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी ने बताया कि यह समारोह कला और विचारों की एकता को दर्शाने वाला समारोह है. रंगमंच में विविधता के बीच संतुलन और संवाद का संदेश देता है. इस नाम से समारोह न केवल थिएटर का उत्सव होता है, बल्कि यह सांस्कृतिक समरसता, आध्यात्मिक गहराई और राष्ट्रीय विचारधारा की अभिव्यक्ति भी बन जाता है. इसके साथ ही श्रावण मास में हरियाली का उत्सव प्रकृति के पुनर्जीवन और मानव जीवन से गहरा जुड़ाव भी दर्शाता है.

एक पेड़ मां के नाम अभियान ▸ वार्ड 47 में महिलाओं ने मनाया हरियाली महोत्सव, हरे रंग के परिधान में संवर कर आयोजन में शामिल हुईं महिलाएं

## विधायक सबनानी और महापौर राय ने किया पौधारोपण

**भोपाल, 22 जुलाई. दक्षिण-पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत वार्ड 47 में स्थित सरदार पटेल स्कूल प्रांगण में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत भाजपा प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी एवं महापौर मालती राय ने पौधारोपण किया. इस अवसर पर विधायक सबनानी ने कहा कि पौधारोपण करना हम सब का कर्तव्य है.**

सनातन धर्म में भी एक वृक्ष को 100 पुत्रों के समान माना गया है. पौधारोपण कर हम हमारे आने वाली पीढ़ियों को स्वस्थ और सुंदर वातावरण देंगे, जो उनके खुशहाल जीवन के लिए हमारा दिया हुआ गया अनुपम उपहार होगा. इसलिए सभी से वर्षा ऋतु के इस मौसम में अधिक से अधिक पौधारोपण कर धरती माता का श्रृंगार करें और पौधों के बड़े होने तक उनकी देखभाल की जवाबदारी भी निभाएं.

महापौर राय ने कहा कि भोपाल नगर निगम हमारे सुंदर शहर भोपाल में 5100 पौधों का रोपण कर रहा है. जिसमें नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया. दक्षिण-पश्चिम विधानसभा भोपाल के मीडिया प्रभारी राजकुमार बरूआ ने बताया कि कार्यक्रम में क्षेत्रीय पार्षद गिरिजा खटीक, मंडल अध्यक्ष प्रियेश उपाध्याय, राजेश खटीक, राजू अनेजा, गंगाराम कुशवाहा, विजय लांजीवर, अशोक जैन, राजू कामडे, नंदू सनानसे, बिंदु कुशवाहा सहित स्कूल शिक्षक कर्मचारी और बच्चे शामिल रहे.




### महिला मोर्चा ने 85 वार्डो में रोपे 10-10 पौधे

भाजपा जिला अध्यक्ष रविंद्र यति ने बताया कि जिला महिला मोर्चा द्वारा मंगलवार को 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत हरियाली अमावस्या के अवसर पर भोपाल के सभी 85 वार्डो में एक साथ 10-10 पौधे लगाए. इस अवसर पर मोर्चा पदाधिकारी एवं अन्य नेतागण हरे परिधान रहे. इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री विधायक भगवानदास सबनानी, महापौर मालती राय, पार्षद जोन अध्यक्ष बृजुला सचान, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष वंदना जाचक सहित महिला पार्षदगण, मंडल अध्यक्ष, जिला पदाधिकारी, कार्यकर्ता उपस्थित थी.



### अरेरा कॉलोनी में पौधारोपण

भोपाल. राजधानी के अरेरा कॉलोनी में पूर्व पार्षद मोनू गोहल के नेतृत्व में जगदीश कौशल और मोहल्ला विकास समिति के सचिव अविनाश बुरबुरे समेत अन्य लोगों ने पौधारोपण किया और लोगों को इसके लिए प्रेरित भी किया.

## विकसित भारत पर एक दिनी कार्यशाला आज

**भोपाल.** राज्यपाल मंगुभाई पटेल एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में 23 जुलाई को विकसित भारत-2047 के तहत रोजगार आधारित शिक्षा : रुझान एवं नए अवसर विषयक एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का कुशाभाऊ ठाकरे सभागार भोपाल में सुबह 10.30 बजे शुभारंभ होगा. उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार भी सहभागिता करेंगे. कार्यशाला में अंतर विश्वविद्यालय त्वरक केंद्र नई दिल्ली के निदेशक डॉ. एसी पांडे का मुख्य वक्तव्य होगा. एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला में विभिन्न तकनीकी-सत्र आयोजित होंगे. प्रथम सत्र में अभियांत्रिकी तथा तकनीकी, द्वितीय-सत्र में प्राकृतिक तथा जीवन विज्ञान, तृतीय-सत्र में कौशल एवं रोजगार और चतुर्थ सत्र में सामाजिक विज्ञान एवं प्रबंध विषयों पर विमर्श होगा.